भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1254

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 08 दिसंबर, 2025

17 अग्रहायण,1947 (शक)

पुदुचेरी के पुरातात्विक स्थलों का सांस्कृतिक संरक्षण

1254. **श्री वी. वैथिलिंगम**:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि फ्रांसीसी औपनिवेशिक विरासत वाले संघ राज्यक्षेत्र पुदुचेरी में अभी भी अपनी विरासत इमारतों,पुरातात्विक अवशेषों और इंडो-फ्रांसीसी स्थापत्य स्थलों के संरक्षण के लिए एक व्यापक सांस्कृतिक संरक्षण कार्यक्रम का अभाव है, जिनमें से कई उपेक्षा, शहरी अतिक्रमण और अपर्याप्त जीर्णोद्धार प्रयासों के कारण जीर्ण-शीर्ण हो रहे हैं ;

(ख) यदि हाँ, तो स्मारकों और पुरावशेषों संबंधी राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पुदुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 07 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं। इन केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। ये सभी स्मारक भली-भांति परिरक्षित हैं। पुदुचेरी में राष्ट्रीय संस्मारक एवं पुरावशेष मिशन के अंतर्गत कोई परियोजना प्रस्तावित नहीं है।

*****